BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन, पारिवारिक और यौन पार्टनर संबंधी हिंसा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए रीजन ऑफ पील में साझेदारों से जुड़ रहा है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (25 नवंबर, 2020) – इंटरनेशनल डे फॉर द एलिमिनेशन ऑफ वॉयलेंस अगेंस्ट वूमेन (महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस) (International Day for the Elimination of Violence Against Women) के सम्मान में, ब्रैम्पटन पारवारिक और यौन पार्टनर संबंधी हिंसा (एफ.आई.पी.वी.) (Family and Intimate Partner Violence) (FIPV) के मुद्दे के बारे में स्पष्टता और जागरूकता बढ़ाने के लिए और समुदाय में केसों को पहचानने और कम करने में मदद के लिए, सार्वजनिक जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए अपने साझेदारों से जुड़ा है।

सिटी के समुदायों में शामिल हैं, रीजन ऑफ पील (Region of Peel), जिसने अभियान के विकास का नेतृत्व किया, साथ ही, सिटी ऑफ मिसीसागा (City of Mississauga), टाउन ऑफ कैलडन (Town of Caledon), पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police), ओनटैरियो प्रोविंशियल पुलिस (Ontario Provincial Police) और 10 से अधिक सामुदायिक संगठन।

29 जनवरी, 2020 को, ब्रैम्पटन काउंसिल (Brampton Council) ने, स्टाफ को यह निर्देश देने के लिए एक प्रस्ताव पास किया था कि वे, ब्रैम्पटन और पील रीजन में घरेलू हिंसा को खत्म करने के लिए, सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता अभियान स्थापिक करने के लिए साझेदारों के साथ सहयोग करें। उस समय से ही, साझेदारों ने, इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर रोशनी डालने के लिए, एक सम्मिलित और भागीदारी वाला अभियान विकसित करने के लिए इकट्ठे मिलकर काम किया है।

एफ.आई.पी.वी. (FIPV), यौन पार्टनरों या पारिवारिक सदस्यों के बीच में, किसी भी प्रकार का नियंत्रण वाला या धमकी भरा व्यवहार, शारीरिक या यौन हिंसा या शोषण है। 2019 में, पील में पुलिस ने, घरेलू हिंसा की 19,000 से अधिक घटनाओं पर प्रतिक्रिया की थी। औसतन, हर दिन या प्रत्येक दो घंटों में 50 विवाद होते हैं। ये केवल वे घटनाएं हैं, जिनकी रिपोर्ट की जाती है; ज्यादातर घटनाओं की रिपोर्ट ही नहीं की जाती।

जिन निवासियों को या उनके किसी परिचित को मदद की जरूरत है, तो वह दिन में 24 घंटे, सप्ताह में सात दिन, गोपनीय ढंग से, टोल-फ्री नंबर: 211 पर फोन कर सकते हैं। एमरजेंसी में, निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे 911 पर पुलिस को फोन करें।

आंकड़ों, संसाधनों और अभियान संबंधी सामग्रियों सहित, पील में पारिवारिक और यौन पार्टनर संबंधी हिंसा के बारे में अधिक जानने के लिए, peelregion.ca/ItsNotOkay पर जाएं।

**हवाले**

"पारिवारिक और यौन पार्टनर संबंधी हिंसा, हर उम्र और हर पृष्ठभूमि के लोगों को प्रभावित करती है। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, एक स्वस्थ और सुरक्षित समुदाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अभियान, इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर रोशनी डालने में मदद करेगा और

इस बारे में जागरूकता बढ़ाएगा कि लोग कहां से मदद ले सकते हैं, कहां उन्हें खुद की या अपने किसी परिचित की मदद करने की जरूरत है।"

– *पैट्रिक ब्राउन* (Patrick Brown), *मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"घरेलू हिंसा का प्रचलन, पील में बहुत-से लोगों के लिए एक दुखद वास्तविकता है। यह किसी भी जाति, धर्म में मौजूद है और किसी भी आर्थिक वर्ग के लोगों के साथ हो सकता है। इस सार्वजनिक जागरूकता अभियान के साथ, हम घरेलू हिंसा के मुद्दे के बारे में सार्वजनिक तौर पर बातचीत कर रहे हैं। हमारा सबसे पहला कदम, जागरूकता बढ़ाना और समुदाय के तौर पर सामूहिक रूप से इस समस्या का मुकाबला करना है, ताकि पीड़ित आवश्यक मदद लेने के लिए सशक्त महसूस कर पाएं। एक सुरक्षित समुदाय में बुनियादी तौर पर, महिलाओं और बच्चों का उस जगह पर सुरक्षित महसूस करना आवश्यक है, जहां वे रहते हैं।"

– *रोएना सैन्टोस* (Rowena Santos), *रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हम सबका एक साझा लक्ष्य है – ब्रैम्पटन को अधिक से अधिक बेहतर बनाना और इसमें शामिल है, सामुदायिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मदद में सुधार करना और हमारी स्वस्थ और सुरक्षित शहर की टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटी के हिस्से के तौर पर, सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना। यह अभियान, हमारी सिटी में हमारे समुदाय के सभी मेम्बरों को, सुरक्षित महसूस करवाने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।"

– *डेविड बैरिक* (David Barrick), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca